दिन– गुरूवार दिनांक– 29 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत गया समेत देशभर में बारह नए ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों को मंजूरी दी।

02. मंत्रिमंडल ने औरंगाबाद, गया, बगहा और पूर्णियां समेत राज्य के अठारह शहरों में कुल सत्तावन नए निजी एफएम रेडियो स्टेशन के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की।

03. राष्ट्रीय खेल दिवस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राजगीर में राज्य खेल अकादमी और बिहार खेल विश्वविद्यालय का उद्घाटन करेंगे।

04. और, बिहार के पुलिस महानिदेशक आर. एस. भट्टी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के महानिदेशक बनाए गये।

---

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत गया समेत देशभर में बारह नए ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार के इस कदम से प्रत्यक्ष रोजगार के लगभग दस लाख नए अवसर पैदा होंगे।

–––बाईट–––

ये 12 नये इन्डस्ट्रीरियल एरियास कम्बाईंड, इनमें इन्वेस्टमेंट सरकार की तरफ से आएगा 28602 करोड का और उसमें इन्वेस्टमेंट पोटेंशियल है 1 लाख 52 थाउजेंट 7507 करोड और करीब–करीब दस लाख इम्प्लायमेंट का इसमें पोटेंशियल है। करीब 10 लाख डारेक्ट जॉब्स और 30 लाख इंडारेक्ट इम्प्लायमेंट पोटेंशियल इससे क्रेरिएट होगा।

श्री वैष्णव ने बताया कि गया में बनने वाले औद्योगिक स्मार्ट सिटी का निर्माण डोभी में एक हजार छह सौ सत्तर एकड़ भूमि पर करवाया जाएगा। इस पर सोलह हजार करोड़ रूपये का निवेश होगा।

–––बाईट–––

श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने बिहार के अठारह समेत देशभर के दो सौ चौंतीस नए शहरों में सात सौ तीस निजी एफएम चैनलों की ई–नीलामी कराने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। बिहार के जिन शहरों में एफएम रेडियो स्टेशन खुलेगा, उसमें सीवान, आरा, औरंगाबाद, गया, बिहारशरीफ, छपरा, बगहा, बेगूसराय, बेतिया, सासाराम, सीतामढ़ी, भागलपुर, दरभंगा, किशनगंज, मोतिहारी, मुंगेर, पूर्णियां और सहरसा शामिल हैं। इन शहरों में कुल सत्तावन नए एफएम स्टेशन खोले जायेंगे। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि मंत्रिमंडल के फैसले से श्रेणी–दो और तीन के शहरों में एफएम रेडियो की पहुंच बनेगी।

उन्होंने कहा कि इस फैसले से मातृभाषा में स्थानीय सामग्री के प्रसारण को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

———बाईट———

करीब 234 सिटीज हैं, जहां पर अभी भी प्राइवेट रेडियो एफएम नहीं हैं। 234 सिटीज जिनमें 730 चैनल्स को एक्स्पेन्ड करने के लिए ये फैसला लिया गया है। इसमें रेडियो इंडस्ट्रीज की बहुत सारी प्रोब्लम्स जो थीं, उनको भी सोल्ब किया गया है, उनके फाइनेंशियल हेल्थ को सुधारने के हिसाब से और लोकल टेलेंट पर फोकस करने हुए प्रोजेक्ट है।

सूचना और प्रसारण मंत्री ने बताया कि मंत्रिमंडल ने केन्द्रीय क्षेत्र की योजना कृषि अवसंरचना कोष के विस्तार को भी मंजूरी दी है। इससे देश में कृषि क्षेत्र से जुड़ी बुनियादी सुविधाएं मजबूत होगी और किसानों को मदद मिलेगी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली में प्रगति की चौवालीसवीं बैठक की अध्यक्षता की। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में यह प्रगति की पहली बैठक थी। बैठक में सात महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इनमें सड़क संपर्क और रेल की दो–दो परियोजनाएं और कोयला, बिजली तथा जल संसाधन की एक–एक परियोजना शामिल है। इनकी लागत साढे छिहत्तर हजार करोड़ रुपये है।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ जघन्य दुष्कर्म और हत्या की घटना से पूरा देश सदमे में है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है कि सब लोग मिलकर कहें कि अब और बर्दाश्त नहीं होगा। हाल में महिलाओं के खिलाफ जिस तरह से अपराध बढ़े हैं, उनसे सभी को आत्म मंथन करने की जरूरत है।

राष्ट्रपति ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह केवल एक अकेली घटना नहीं है, बल्कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों की श्रृंखला की एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि कोलकाता में जब छात्र, डॉक्टर और आम लोग प्रदर्शन कर रहे थे, तो वहीं अपराधी निडर घूम रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से देशभर में रोष व्याप्त होना स्वाभाविक है।

---

आज राष्ट्रीय खेल दिवस है। यह दिन हर साल उनतीस अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को कम से कम एक घंटा खेल को समर्पित करने का आह्वान किया है। श्री मांड़विया ने सभी नागरिकों को आज राष्ट्रव्यापी उत्सव में भागीदारी करने का आग्रह किया।

---बाईट---

---

राष्ट्रीय खेल दिवस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज नालंदा जिले के राजगीर में राज्य खेल अकादमी और बिहार खेल विश्वविद्यालय का उद्‌घाटन करेंगे। ब्योरे के साथ हैं हमारे संवाददाता--

---बाईट---

मुख्यमंत्री आज दोपहर बाद तीन बजे राज्य खेल अकादमी और बिहार खेल विश्वविद्यालय का उद्‌घाटन करेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद रहेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री राज्य के नौ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित भी करेंगे। उद्‌घाटन समारोह पर एशियाई खेल विजेता भारतीय हॉकी टीम प्रदर्शनी मैच खेलेगी। अगले साल से राजगीर में राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता शुरू होने की उम्मीद है। बिहार सहित पूरे भारत के राष्ट्रीय खेलों से जुड़े खिलाड़ियों को यहां पर प्रशिक्षण भी मिलेगा। आकाशवाणी समाचार के लिए राजगीर से निरंजन कुमार।

---

बिहार के पुलिस महानिदेशक आर. एस. भट्‌टी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सीआईएसएफ के महानिदेशक बनाए गये हैं। केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। सीआईएसएफ के डीजी के रूप में उनका कार्यकाल अगले वर्ष तीस सितम्बर तक रहेगा।

---

राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए ने बेगूसराय और गया जिले में प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के नेताओं से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेगूसराय में सात और गया में दो स्थानों की तलाशी ली गई। एजेंसी ने बेगूसराय के भगवानपुर थाना क्षेत्र के पालीडीह गांव से भाकपा माओवादी के जोनल सदस्य बिहारी पासवान को गिरफ्तार किया है। साथ ही इस दौरान एनआईए ने कई आपत्तिजनक सामान भी बरामद किये हैं।

---

प्रदेश में बाढ़ के कारण भागलपुर, पश्चिमी चंपारण, खगड़िया, किशनगंज, पटना और कटिहार जिलों में बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है। गंगा, गंडक, कोसी, महानंदा और अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि के कारण विभिन्न जिलों के निचले इलाकों और तटीय क्षेत्रों से हजारों लोग विस्थापित हो गए हैं। भागलपुर जिले में गंगा तथा कटिहार जिले में गंगा और बरंडी नदी की बाढ़ से दर्जनों गांव प्रभावित हैं। खगड़िया में भी गंगा नदी के उफान से हजारों की आबादी प्रभावित हुई है। जिला प्रशासन ने बाढ़ के कारण प्रभावित क्षेत्रों के नवासी विद्यालयों को पांच सितंबर तक बंद करने का आदेश दिया गया है। सहरसा जिले में कोसी नदी के उफान से पूर्वी कोसी तटबंध के भीतर कई गांव जलमग्न हो गये हैं। इधर, मुंगेर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के मानगढ़ सिंधिंया पथ पर कटाव निरोधक कार्य शुरू हो गया है।

---

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा छह सितम्बर को दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। श्री नड्डा इस दौरान पटना स्थित आईजीआईएमएस के नेत्र अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। साथ ही वे गया स्थित अनुग्रह नारायण मेडिकल कॉलेज अस्पताल, लहेरियासराय स्थित दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल और मुजफ्फरपुर स्थित श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में नवनिर्मित सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का लोकार्पण करेंगे। श्री नड्डा पीएमसीएच में बन रहे नए अस्पताल भवन और दरभंगा एम्स के प्रस्तावित स्थल का भी निरीक्षण करेंगे।

---

राज्य की सड़कों से अयोग्य वाहनों को हटाने के लिए परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस ने मुहिम शुरू की है। यातायात पुलिस के एडीजी सुधांशु कुमार ने बताया कि राज्य के बीस टोल प्लाजा पर ई–डिटेक्शन प्रणाली शुरू की गई है। जल्द ही यह प्रणाली सभी तैंतीस टोल प्लाजा पर शुरू हो जाएगी। इसकी मदद से यहां से गुजरने वाली सभी गाड़ियों के नंबर प्लेट को स्कैन कर यह पता लगाया जा सकता है कि कौन सी गाड़ी अनफिट है।

---

पशु और मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी ने कहा है कि सरकार राज्य में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। वे पटना स्थित बामेती में राज्य में मछली पालन योजना विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि सरकार ने वार्षिक मछली उत्पादन का लक्ष्य बढ़ाकर बारह लाख टन निर्धारित किया है।

---

राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण अब संबंधित जिलाधिकारी करेंगे। साथ ही, जिलाधिकारी हर सप्ताह जिले के अधिकारियों द्वारा किए जा रहे विद्यालयों के निरीक्षण संबंधी रिपोर्ट की समीक्षा भी करेंगे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.....

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों को पहले पन्ने पर स्थान देते हुए लिखा है – गया में सोलह सौ सत्तर एकड़ में औद्योगिक पार्क, राज्य के अठारह शहरों में सत्तावन नए एफएम चैनल।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – महिलाओं के खिलाफ अपराध पर छलका राष्ट्रपति का दर्द। कहा – मैं निराश और भयभीत।

**प्रभात खबर** लिखता है – महिलाओं को पंद्रह सितम्बर से सुरक्षित सफर की सुविधा। डायल एक सौ बारह पर चौबीस घंटे रहेगी निःशुल्क सेवा।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – पुनपुन में दीवार गिरने से सैंतालीस महिलाएं जख्मी। धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हादसा, चौदह गंभीर।

**आज** और **राष्ट्रीय सहारा** समेत सभी अखबारों ने आयकर आयुक्त समेत अन्य को पांच दिन की रिमांड पर लिये जाने की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत गया समेत देशभर में बारह नए ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों को मंजूरी दी।

02. मंत्रिमंडल ने औरंगाबाद, गया, बगहा और पूर्णियां समेत राज्य के अठारह शहरों में कुल सत्तावन नए निजी एफएम रेडियो स्टेशन के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की।

03. राष्ट्रीय खेल दिवस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राजगीर में राज्य खेल अकादमी और बिहार खेल विश्वविद्यालय का उद्‌घाटन करेंगे।

04. और, बिहार के पुलिस महानिदेशक आर. एस. भट्‌टी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के महानिदेशक बनाए गये।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।